BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 07 फरवरी, 2025 **थाना खुर्जा नगर**

अवैध शस्त्रो के तस्कर रिजवान अंसारी के विरुद्ध की गयी NSA की कार्यवाही ।

अवगत कराना है कि थाना खुर्जा नगर क्षेत्र निवासी एक हथियार तस्कर रिजवान अंसारी पुत्र जरीफ पेन्टर निवासी मौहल्ला शेख साहिबान छोटा हकीम कस्बा व थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर दिल्ली में अवैध हथियारो की तस्करी में जेल में निरुद्ध था। दिनांक 26.12.2024 को जमानत पर रिहा हुआ था जिस पर अभियुक्त द्वारा अपने साथियो के साथ जेल से छुटने की खुशी पर मौहल्ले में जस्न मनाया था। जस्न मनाने के दौरान अवैध शस्त्रो से हवाई फायरिंग करते हुए ढौल बजवाकर पटाखे चलाये गये थे। जिससे आसपास क्षेत्र में भय का माहौल पैदा हो गया था इस सम्बन्ध में थाना खुर्जा नगर पर मअसं-1240/24 धारा 191(1),125,288 बीएनएस व 07 क्रि0ला0 एक्ट पंजीकृत किया गया था। दिनांक 27/28.12.2024 की रात्रि में अभियुक्त रिजवान अंसारी व उसके पुत्र को 02 अवैध पिस्टल मय 06 जिन्दा कारतूस व 07 अवैध तमंचे व एक गाडी सहित गिरफ्तार किया गया था। उक्त दोनो अभियोग में अभियुक्त रिजवान अंसारी वर्तमान में जिला कारागार बुलन्दशहर में निरुद्ध हैं जो जेल से बाहर आने के लिए मा0 न्यायालय से जमानत के लिए प्रयास कर रहा था। इसलिए थाना खुर्जा नगर पुलिस द्वारा दिनांक 05.02.2025 को अभियुक्त रिजवान अंसारी के विरूद्ध एनएसए की कार्यवाही करते हुए जिला कारागार में एनएसए तामील कराया गया।

अभियुक्त का नाम पता-

1- रिजवान अंसारी पुत्र जरीफ पेन्टर निवासी मौहल्ला शेख साहिबान छोटा हकीम कस्बा व थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर

अभियुक्त रिजवान अंसारी का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं- 47/2013 धारा 307/324 भादवि थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।
2. मुअसं- 126/2024 धारा 25(6) आयुध अधि0 थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।
3. मुअसं- 211/24 धारा 25/54/59 आयुध अधि0 थाना क्राइम ब्रान्च द्वारका दिल्ली।
4. मुअसं- 410/2024 धारा 3/4/25/27 आयुध अधि0 थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
5. मुअसं -1240/2024 धारा 191(1)/125/288 बीएनएस व 7 सीएलए अधि0 थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।
6. मुअसं- 1241/2024 धारा 3/25(6) आयुध अधिनियम थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

मीडिया सेल बुलंदशहर